Madhya Pradesh Vidhan Sabha
मध्य प्रदेश विधान सभा

नोट :10 दिसम्बर 2013 तक की जानकारी

चतुर्वेदी, चौधरी राकेश सिंह
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
निर्वाचन क्षेत्र- भिण्ड (10)

पिता का नाम- स्व. चौधरी दिलीप सिंह चतुर्वेदी
जन्म तिथि- 21 जनवरी, 1962
जन्म स्थान- भिण्ड
वैवाहिक स्थिति- विवाहित
पत्नी- श्रीमती मंजू चतुर्वेदी
संतान- 2 पुत्र , 1 पुत्री
शैक्षणिक योग्यता- एम.ए., एल-एल.बी.
व्यवसाय- वकालत, कृषि
अभिरूचि- समाज सेवा, पर्यटन

स्थायी पता- "चौधरी दिलीप सिंह भवन", गौरी का किनारा, जिला-भिण्ड (म.प्र.) दूरभाष- (07534) 230002 फैक्स- (07534) 230231 मोबाइल- 9755214700, 97552147002
ईमेल- ch.rakeshbhind@yahoo.co.in

स्थानीय पता- बी-7, 74 बंगले, स्वामी दयानन्द नगर, भोपाल (म.प्र.) दूरभाष- 2763155

सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-

सन् 1979 में भा.रा. छात्र संगठन जिला भिण्ड के जिलाध्यक्ष. सन् 1985 में जिला युवक कांग्रेस कमेटी भिण्ड के महामंत्री. सन् 1990 में म.प्र. कांग्रेस में प्रदेश प्रतिनिधि. सन् 1996-97 में जिला कांग्रेस कमेटी भिण्ड के जिलाध्यक्ष. चौधरी यदुनाथ सिंह महाविद्यालय भिण्ड के शासी निकाय के अध्यक्ष. जनता विद्यालय शिक्षा समिति भिण्ड के सचिव, चौधरी दिलीप सिंह फाउण्डेशन समिति भिण्ड के संयोजक. सन् 1987 में जिला विपणन सहकारी संस्था भिण्ड के संचालक निर्वाचित. सन् 1990 में नौवीं, सन् 1996 के उप चुनाव में दसवी एवं सन् 1998 में ग्यारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. 12 अगस्त, 2002 से दिसंबर, 2003 तक मंत्री आवास एवं पर्यावरण विभाग रहे. याचिका, सार्वजनिक उपक्रम, पुस्तकालय, विशेषाधिकार, सामान्य प्रयोजन समितियों एवं मध्यप्रदेश विधायक क्लब के सदस्य तथा प्राक्कलन एवं विशेषाधिकार समिति के सभापति तथा कई बार सभापति तालिका के सदस्य रहे. सन् 1999 में भूमि प्रबंधन विधेयक पर गठित सिलेक्ट कमेटी के सभापति. मध्यप्रदेश विधान सभा द्वारा वर्ष 2000 के पं. कुंजीलाल दुबे स्मृति उत्कृष्ट

विधायक पुरस्कार से 8 अगस्त 2003 को सम्मानित. 1990, 1996 एवं 1998 में जीवाजी विश्वविद्यालय की प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्य. सन् 2007 में उत्तर मध्य रेलवे की क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता एवं परामर्शदात्री समिति के सदस्य. वर्तमान में संभागीय दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी तथा कांग्रेस विधायक दल के प्रवक्ता. 1997 में क्यूबा, 2002 में मलेशिया, सिंगापोर, आस्ट्रेलिया का अध्ययन दौरा.

सन् 2008 में चौथी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

सम्प्रति - मध्यप्रदेश विधान सभा में कांग्रेस विधायक दल के उप नेता.